





# रिंगनोद में भगोरिया के हर्ष से युवा सराबोर, सुबह 7 बजे से लगा जमघट

**सरदारपुर । सरदारपुर तहसील का तीसरा भगोरिया हाट रिगनोद में लगा। इसमें आसपास के क्षेत्र से हजारों ग्रामीण पहुंचे सभी दुकानदारों ने सुबह 7 बजे से अपनी दुकान लगाने के लिए जगह आरक्षित कर ली थी भगोरिया हाट में अधिकतर कोल्डड्रिंक, पान, मिठाई खिलौने एवम फोटोग्राफी की दुकान लगी थी। हाट में 12 बजे के बाद क्षेत्र के लोग अपने-अपने परिवार के साथ पिकअप,रिक्शा, ट्रैक्टर व अन्य वाहनों से आना शुरू हो गए थे।**

दोपहर1 बजे बाद से पुरानी चौकी परिसर में मादल दल इकट्ठा होना शुरू हो गए थे, जहा बांसुरी की तान व मादल की थाप से पुरा मैदान गूंज उठा ,वही पुलिस प्रशासन द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति, नारी सम्मान, स?क सुरक्षा के बारे में बताकर लोगों को जागरूक किया, तथा हर प्रत्येक ढोल मादल पर नशा मुक्ति को लेकर स्लोगन फ्लेक्स लगाया। भगोरिया हाट में 66 मादल दल निकले। युवाओ में काफी उत्साह नजर आया।

मादल दल में एक ढोल जिसका वजन करीब 150 किलो था, जिसे चार पहिया वाली स्टेरिंग गाड़ी पर रखा कर बजाया गया, जो पूरे हाट में आकर्षक का केंद्र रहा। 3ः00 बजे भगोरिया पर्व परवान पर चढ़ा। प्रत्येक दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ कम थी। 66 मॉदल दल मुख्य मार्ग सदर बाजार से होते हुए बस स्टैंड पंचायत प्रांगण पहुंचे जहां ग्राम पंचायत, सामाजिक संस्था के साथ जन जाति विकास मंच, भाजपा व कांग्रेस दल के कार्यकर्ताओ द्वारा मादल दल को शाल, श्रीफल व नगद राशि देकर सम्मानित किया।

भगोरिया में भीलखेड़ी, उंडेढ, केली, राताकोट, ढाक्कनबारी, मालपुरिया, लिमडिपाड़ा, ताराघाटी, इंदला, कालीदेवी, मवड़ी, फुलझर, ग्राम के हजारों महिला पुरुष मादल दल में शरीक हुए। भगोरिया में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार (उत्तर ) पारुल बेलापुरकर, सरदारपुर एसडीओपी विश्वदीप सिंह परिहार, थाना प्रभारी अनिल कुमार जाधव पूरे समय मौजूद रहे, चौकी प्रभारी गुलाबसिंह भयडीया एवं पुलिस बल सतत् बाजार में भ्रमण करते रहे ओर शांति पूर्ण ढंग से भगोरिया पर्व सम्पन्न करवाया।

## लाबरिया में दूसरी बार भगोरिया गेर का आयोजन





**▶ बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के नवयुवक- वरिष्ठ लोग हुए शामिल**

**लाबरिया** । होली के इस पावन पर्व पर लाबरिया में दूसरी बार भगोरिया गैर का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के नवयुवक इव वरिष्ठ लोग शामिल हुए। आदिवासी समाज की विलुप्त संस्कृति को बचाए रखने एवं समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का निर्णय लिया गया। गैर आशा पेट्रोल पंप से चालू होकर ग्राम पंचायत तक गई जिसमें जगह जगह व्यापारी बंधुओं द्वारा स्वागत किया गया। साथ ही मयंक जायसवाल सुखदेव मारू ने कार्यक्रम में सहयोग किया एवं मास्टर टीम द्वारा ढोल वादक का स्वागत किया गया। क्षेत्र के जयस जिलाध्यक्ष सुनील डाबर, तहसील कार्यकारी अध्यक्ष दिलीप कटारा, जयस प्रभारी आशीष सिंगार , रवि खराड़ी , दशरथ चरपोटा - राधेश्याम चरपोटा , अर्जुन खराड़ी, कन्हैया मालीवाड़, प्रभु माल , कम्मू डोन, देवीलाल ओसारी, नारू - रक्षक खराड़ी , गोविंद , प्रवीण, सहित कई युवा हुए शामिल।

## हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ ही लक्ष्य : विभोर वास्केल

**बाकानेर** । मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 12 जनवरी से 31 मार्च 2026 तक संकल्प से समाधान अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज बाकानेर में बाकानेर क्लस्टर की 11 पंचायते आयोजन में शामिल हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उमरबन जनपद अध्यक्ष लाल विभोर वास्केल जनपद सदस्य श्रीमती ज्योति खुशाल अग्रवाल बाकानेर सरपंच प्रतिनिधि दद्दू सिंह चौहान जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित पचौरी ने दीप प्रज्जित कर कार्यक्रम की शुरुआत की संकल्प से समाधान अभियान के कार्यक्रम में राजस्व विभाग श्रम विभाग स्वास्थ्य विभाग पशुपालन विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग



आदि विभागों के आधिकारिक एवं कर्मचारी उपस्थित थे सभी विभागों के अधिकारियों ने शासन द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। मुख्य अतिथि विभोर वास्केल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है हितग्राही को इसका लाभ मिल रहा है या नहीं इसी उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान का आयोजन किया जा रहा है इसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक आसानी से, पारदर्शी रूप से पहुँचाना है, जो सुशासन और विकास पर केंद्रित है कार्यक्रम में उपस्थित पंचायत




सचिव एवं सरपंचो को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी अपनी पंचायत में कोई भी हितग्राही योजना से वंचित नहीं रहे अगर कोई समस्या आ रही हो तो अधिकारियों से बात कर उसका समाधान करें विकसित मध्य प्रदेश का लक्ष्य प्राप्त करने के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

> जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालिका अधिकारी रोहित पचौरी ने कहा कि सभी हितग्राहियों को लाभ मिले उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा चलाई जारी जनकल्याणकारी योजना के बारे में विस्तार से बताया सभी योजना का लाभ तय समय सीमा पर हित ग्राही को मिले ऐसा सभी प्रयास करें उन्होंने बताया कि 679 लाभार्थियों में से 542 का समाधान किया जा चुका है मात्र 133 लाभार्थियों के प्रकरण लंबीत है उन्हें भी पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम को बाकानेर जनपद सदस्य ज्योति अग्रवाल ने संबोधित करते हुए शासन द्वारा चलाए जा रहे हैं।

## गंधवानी के मेले में पहुंचे नेता प्रतिपक्ष सिंघार

**धार / गंधवानी** । गंधवानी से 18 किलोमीटर दूर ग्राम बिंलदा में शुक्रवार को भगोरिया हाट लगा था यहां पर जमकर लोगों की भीड़ रही आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग यहां भगोरिया में शामिल होने के लिए आए थे जिन्होंने मदमस्त होकर मादल की थाप पर खूब नृत्य किया और परंपरागत त्यौहार का आनंद लिया इस भगोरिया मेले में शामिल होने के लिए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार हेलीकॉप्टर के द्वारा पहुंचे थे जिन्होंने स्थानीय हेलीपैड से भगोरिया मेला स्थल में पहुंचकर मादल दल वालों के साथ जमकर नृत्य किया साथ ही मादल पर खूब थाप लगाई और उन्हें पुरस्कृत भी किया उनके साथ विधायक प्रताप ग्रेवाल भी खूब थिरक यहां पर उनके साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष स्वतंत्र जोशी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रायसिंह डावर पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष सतपाल सिंह बरनाला जिला पंचायत सदस्य कमला धार्वे आशिक खान यशवंत धार्वे सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।




> वहीं बिलदा भगोरिया में भाजपा की ओर से भी मादल दलों को पुरस्कार किया यहां पर मंडल अध्यक्ष मुकेश पाटीदार शांतिलाल एसके दीपक पांडे करण रावत सुनील शर्मा सहित कई लोग मौजूद थे। भगोरिया में जबरदस्त भीड़ रही। 90 ढोल मादल लेकर लोग पहुंचे थे प्रशासनिक व्यवस्था में एसडीओपी बृजेश मालवीय थाना प्रभारी प्रदीप खन्ना तहसीलदार मुकेश मालवीय समेत कई लोग मौजूद थे।

## सब जेल सरदारपुर का निरिक्षण और विधिक सहायता जागरूकता शिविर लगाया

**सरदारपुर** । संजीव कुमार अग्रवाल प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय धार एवं प्रदीप कुमार सोनी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकारण धार हेमन्त कुमार यादव अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण सरदारपुर अब्दुल्ला अहमद तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश सरदारपुर द्वारा सब जेल सरदारपुर का निरीक्षण किया गया।

सब जेल सरदारपुर में निरुद्ध समस्त बंदियों हेतु विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया एवं समस्त बंदियों को विधिक सहायता एवं उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई एवं उनके स्वास्थ्य भोजन रहने की व्यवस्था एवं वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग से पेशी



के संबंध में के बारे में जानकारी ली गई जमानती धाराओं में जमानत याचिका शीघ्र अधिवक्ता के द्वारा लगाने हेतु निर्देशीत किया गया एवं सजायाप्ता बंदियों के अपील संबंधी जानकारी ली गई जमानत होने के बाद भी यदि जमानतदार के आभाव में जेल में निरूद्ध बंदियों एवं जुर्माने के आभाव में सजा भुगत रहे कैदियों की जानकारी ली गई एवं विधिक सहायता के पुर्ण कियान्वयन हेतु जिन बंदियों के नि:शुल्क विधिक सहायता से अधिवक्ता नियुक्त है एवं जिनकी जमानत याचिका वर्तमान दिनांक तक नही लगी उन बंदियों का चयन कर जमानत याचिका आवेदन माननीय न्यायालय एवं संबंधित अधिवक्ता को भेजने हेतु निर्देशीत किया गया है बंदियों के केस से संबंधित समस्याओं को सुना।

## मुस्लिम समाजजनों का 10 वां रोजा आज

सरदारपुर । मुस्लिम समाजजनो का 19 फरवरी से रमज़ान का महिना शुरु हो गया है। समाजजनों के मुताबिक रमज़ान माह पवित्र माना जाता है। रमज़ान माह शुरू होते ही मुस्लिम बस्ती में चहल-पहल बढ गई है, बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक रोजा रखकर समय-समय पर 5 वक्त की नमाज पढकर अल्लाह की इबादत कर रहे हैं। वही समाजजनो द्वारा घर-परिवार और देश की सुख-समृद्धि खुशियाली की कामना की जा रही है। रमज़ान माह में शाम को रोजा इफ्तार करके रोजा खोलते हैं। 5 वक्त की पढ़ते है नमाज, रमज़ान माह को लेकर मुस्लिम बस्ती में चहल-पहल बढ़ी।

## 6 वर्ष के अली निसार पठान ने पहला रोजा रखा और अल्लाह से दुआ की

### *इबादत में समाजजन बढ़-चढ़कर ले रहे भाग*

**बाग**। रमजान का पाक महिना जो बड़ा ही बरकतों ओर रहमतों वाला कहा जाता है । इस पर्व के चलते मस्जिदों में नमाजियों ओर रोजदारों से अलग ही रौनक नजर आ रही है रमजान का आठवां रोजा गुरुवार को पुरा हुआ शुक्रवार ( जुम्मे ) को नव वा रोजा होगा । हर कोई इस महिने की इबादत में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं । अपने गुनाहों की माफी अपने रब से मांग रहे है । इबादतों ओर बख्शिशों का यह महिना सभी के लिए खास होता है । के चलते मुस्लिम समाज इन दिनों रोजे नमाज ओर इबादत



में मशगुंल रहकर दिनभर भूख प्यास की शिद्दत के बाद शाम को रोजा इफ्तार किया जाकर मुल्क मे अमन चैन कि दुआ करते हैं इसमें हर कोई छोटा बड़ा बच्चा बुजुर्ग सभी रोजा रख रहे हैं । इसी कड़ी में बच्चे भी रमजान की इस इबादत और रोजे रखने से पिछे नहीं है 6 साल के अली पिता निसार पठान ने अपना पहला रोजा रखा और रमजान का आठवां रोजा पुरा किया अपनी अम्मी और दादी से जिद करी कि में भी रोजा रखुगा । उसे अम्मी दादी और पास में अम्मा ने समझाया कि तुम अभी छोटे हो लेकिन वह नहीं माना। उसने सुबह पांच बजे रोजे की नियत कर के रोजा रखा और दिनभर कुछ नहीं खाएं बीना अपना रोजा पुरा किया । ओर शाम को 6 बजे रोजा इफ्तार के समय अपने परिवार कै साथ रोजा पुरा कीया । मासुम अली का होंसला देखकर हर किसी ने खुशी का इजहार करते हुए सभी ने अल्लाह से उसका रोजा कबुल होने की दुआ की यह उसकी जिंदगी का पहला रोजा था । घर परिवार ने उसका रोजा पुरा होने पर उसे हारो से इस्तकबाल कर के रोजे की मुबारकबाद दी । मासूम बच्चे के इस होंसले की सभी ने सराहना की । रोजा रखने के बाद बच्चे का दिनभर बड़ा ख्याल रखा गया ताकी कुछ खा ना लें मगर उसने दिनभर कुछ भी नहीं खाया और शाम को सभी के साथ अफ्तियारं किया और रोजा उसने अपना खोला रोजा खोलने के पश्चात मासूम अली का सभी ने इस्तकबाल किया और उसे दुआओं से नवाजा ।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, इन्दौर
(परिषद कार्यालय)

ई-टेंडरिंग/विज्ञप्ति क्रमांक 14/परिषद/2026

**निविदा (आमंत्रण)**

दिनांक : 21.02.2026

नगर पालिक निगम द्वारा वर्ष 2026-2027 के रंगपचंमी के अवसर पर पांरपरिक रंगारंग गैर के लिए निम्नानुसार कार्यों हेतु ऑनलाईन (online) निविदा दर अनुबंध के लिये आमंत्रित की जाती है। निविदा ख्याती प्राप्त फर्मों से जिन्होंने निविदा में उल्लेख अनुसार पूर्व में कार्य किया गया हो से निविदा आमंत्रित कि जाती है। निविदा ई-प्रोक्योरमेंट पद्धति से पोर्टल : mp:/tender.gov.in. पर आगे की जावेगी।

| ग्रुप क्र. | कार्य का नाम | विवरण | अर्नेस्ट मनी | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रंगपंचमी की गैर हेतु सामग्री | 1. आरारोट वाली गुलाल उच्च क्वालिटी<br>2. प्रेशर पंप (गुलाल टेंक) 8 किलोग्राम<br>3. प्रेशर पंप के साथ (उडाने वाली गुलाल)<br>4.500 टका गुलाबी रंग<br>5. इत्र (होली के रंग के साथ उपयोग किया जाने वाला)<br>6. रंगीन दुपट्टा | ₹ 12,000/- | ₹ 2,000/- |

**नोट** : आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल म.प्र. शासन द्वारा जारी सरक्यूलर क्रमांक या.प्रा./07/2013/3616 भोपाल, दिनांक 22/05/2013 अनुसार निविदा स्वीकृत होने के उपरांत न्यूनतम निविदादाता को अनुबंध के साथ 5 प्रतिशत प्रतिभूति राशि जमा कराना अनिवार्य होगा।

**निविदा प्रपत्र ऑनलाइन कैशकार्ड/ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउन्ट के माध्यम से निर्धारित राशि जमा करने के बाद प्राप्त किए जा सकते हैं।**

1. निविदा प्रपत्र विक्रय करने की प्रारंभिक तिथि 27/02/2026 को प्रातः 15:00 बजे से
2. ऑनलाइन निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 05/03/2026 को प्रातः 10:00 बजे से 13:00 बजे तक
3. ऑनलाइन निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 05/03/2026 को शाम 14:00 बजे से 16:00 बजे तक
4. तकनीकी निवीदा ओपन करने की दिनांक 05/03/2026 को शाम 17:00 बजे से 18:00 बजे तक
5. निविदा प्रपत्र खोलने की अंतिम तिथि 06/03/2026 को सुबह 10:00 से 13:00 बजे तक
6. विस्तृत निविदा प्रपत्र एवं अन्य विवरण उक्त वर्णित पोर्टल पर देखा जा सकता है।
7. उपरोक्त दिनांक को किसी कारणवश अवकाश घोषित हो जाने की स्थिती में निविदा प्रपत्र क्रय व अर्नेस्ट मनी जमा कर अगले कार्य दिवस में प्रस्तुत की जावेगी।

प्रतिबंधित पॉलिथीन, कैरीबैग के निर्माण/ विक्रय/ उपयोग करने पर दंड व सजा का प्रावधान है।

सचिव
नगर पालिक निगम, इन्दौर


**एक नजर** ▶ आदिवासी अंचल में रेल विकास से खुलेगा प्रगति का नया द्वार

## सावित्री ठाकुर ने 107 करोड़ के दो रेलवे ओवरब्रिज किए जनता को समर्पित

**धार, 27 फरवरी 2026। लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन परियोजना में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में सागौर एवं मानपुर स्थित ब्रिज क्रमांक 234 ए एवं 221 ए के दो रेलवे ओवर ब्रिजों का लोकार्पण कर उन्हें जनता की सेवा में समर्पित किया गया। लगभग 107 करो? रुपये की लागत से निर्मित इन दोनों ओवर ब्रिजों का निर्माण कार्य पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल द्वारा सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया है।**

इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती सावित्री ठाकुर ने कहा कि ये ओवर ब्रिज क्षेत्र की जनता






को सुरक्षित, सुगम एवं निर्बाध आवागमन की सुविधा प्रदान करेंगे। लंबे समय से क्षेत्रवासियों की यह मांग थी, जो आज पूर्ण हुई है। उन्होंने बताया कि कुछ दिवस पूर्व ही उन्होंने इंदौर-दाहोद नई रेल लाइन के प्रगतिरत कार्यों का विशेष ट्रॉली में बैठकर विस्तृत निरीक्षण किया था तथा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि निर्माण कार्य समय-सीमा में एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण किया जाए। आज इन ओवर ब्रिजों का लोकार्पण उसी प्रतिबद्धता का परिणाम है।

केंद्रीय राज्यमंत्री ठाकुर ने उपस्थित जनसमुदाय को विश्वास दिलाया कि शीघ्र ही लोकसभा क्षेत्र के नागरिकों को रेलवे परिवहन की सीधी सुविधा मिलने जा रही है। रेल संपर्क प्रारंभ होने से आदिवासी अंचल में व्यापार, शिक्षा, रोजगार एवं स्वास्थ्य सेवाओं के नए अवसर विकसित होंगे और क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

केंद्रीय राज्यमंत्री ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट संकल्प है कि आदिवासी अंचलों में विकास कार्य सर्वांगीण रूप से निरंतर चलते रहें। स?क, रेल, बिजली, पानी और अन्य आधारभूत संरचनाओं का सुदृ?ीकरण विकसित भारत के निर्माण की आधारशिला है। केंद्र सरकार अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि सागौर एवं मानपुर के ये ओवर ब्रिज केवल यातायात की सुविधा नहीं, बल्कि क्षेत्र के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक हैं। आने वाले समय में लोकसभा क्षेत्र में और भी विकास कार्यों को गति दी जाएगी, जिससे क्षेत्र समग्र प्रगति की ओर अग्रसर हो सके। कार्यक्रम में श्री निलेश भारती, रेलवे डीआरएम श्री अश्विनी कुमार सहित समस्त क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, आमजन एवं कार्यकर्ता बंधु ब?ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने इस महत्वपूर्ण विकास कार्य के लिए प्रसन्नता व्यक्त की।